देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 6 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 28 मार्च 2020

विचार-प्रवाह...आरबीआई ने कई कदम उठाए





मौसम अधिकतम 21.0° न्यूनतम 14.0°

29783.79

2 जिनपिंग से बात करके बदले ट्रंप के सुर

7 यूं पसीना बहा रहे हैं ऋषभ पंत

## संक्षिप्त समाचार

### केजरीवाल ने बताया कोरोना को हराने का मास्टरप्लान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अब तक दिल्ली में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या 39 हो चुकी है। कल तक ये आंकड़ा 36 था। इन 39 लोगों में से 29 तो ऐसे हैं, जो बाहर से आए हुए हैं। दिल्ली में अब तक 1 व्यक्ति की मौत भी हो चुकी है और 6 लोग डिस्चार्ज हो चुके हैं। इसी बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मीडिया ब्रीफिंग के जरिए लोगों के बताया कि अभी हम रोजाना 100 मरीजों के लिए तैयार हैं। हमारे पास पर्याप्त सुविधाएं हैं, लेकिन अगर रोजाना मरीज बढ़ते हैं तो क्या होगा, इसका प्लान तैयार किया गया है। इसे तीन चरणों में बांटा है।

### तेज हवा संग पड़ेंगे ओले, मौसम विभाग की इन राज्यों में पांच दिनों तक चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली, एजेंसी। मार्च खत्म होने को आया है, लेकिन अभी भी मौसम का मिजाज जुदा है। कई राज्यों में पिछले कुछ दिनों से तेज हवाएं चल रही है, एक रात बारिश भी हुई। उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़ दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तरी राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम, असम, मेघालय, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के अलग-अलग स्थानों पर बिजली कड़कने, ओलावृष्टि और तेज हवा के साथ आंधी भी दस्तक देगी, जिससे मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान है।

### पुणे से अच्छी खबर, अब तक 10 डिस्चार्ज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
पुणे। महाराष्ट्र में एक तरफ जहां कोरोना वायरस के लगातार बढ़ते मामले चिंता का विषय बने हुए हैं। वहीं पुणे में इलाज के बाद स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो रहे मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी राहत भरी खबर लेकर आई है। पुणे अकेला जिला है, जहां अब तक कोरोना के 10 मरीज ठीक हो चुके हैं।

# खतरा भारी, 3 महीने की तैयारी!

रिवर्स रीपो रेट 90 बीपीएस घटाकर 4 पर्सेंट घटा दिया गया

## कोरोना ग्रस्त इकॉनमी को रीपो रेट कट की राहत, घटेगी और रुकेगी ईएमआई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस और उसके कारण हुए लॉकडाउन से नुकसान को देखते हुए वित्त मंत्री के बड़े पैकेज के बाद अब आरबीआई ने कई राहत दी हैं। लॉकडाउन की वजह से इनकम लॉस हो रहा है और ऐसे में आरबीआई ने रीपो रेट में कटौती कर ईएमआई और घटने का रास्ता साफ कर दिया है। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने पहले से चले आ रहे लोन के ईएमआई के भुगतान पर भी 3 महीने का मोरेटोरियम लगा दिया है। इससे तीन महीने तक लोगों को ईएमआई के भुगतान से राहत मिल गई है। गंभीर संकट से गुजर रही भारतीय अर्थव्यवस्था में लोन लेकर मकान खरीदने वाले, कार खरीदने वाले, पर्सनल लोन लेने वाले या अन्य लेनदारों को तीन महीने तक ईएमआई चुकाने से राहत मिल गई है। हालांकि क्रेडिट कार्ड से खरीदारी करने वालों को फिलहाल यह राहत नहीं मिल रही है।

रिजर्व बैंक के गर्वनर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति की समीक्षा के बाद शुक्रवार को कई बड़े ऐलानों में टर्म लोन लेने वाले सभी ग्राहकों को तीन महीने तक ईएमआई नहीं चुकानी होगी, यह बात भी कही। यह लाभ सरकारी एवं निजी क्षेत्र के बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, सहकारी बैंकों या किसी हाउसिंग फाइनैंस कंपनी से टर्म लोन लेने वाले सभी ग्राहकों को मिलेगा।



### टली है ईएमआई, माफ नहीं हुई है

रिजर्व बैंक ने पहले से चल रहे लोन के ईएमआई के भुगतान को भी तीन महीने के लिए टाल दिया है। यह फैसला सभी कमर्शल बैंकों, रूरल बैंकों, सहकारी बैंकों या किसी नॉन बैंकिंग कामर्शल बैंक से लिए गए लोन पर प्रभावी होगा। मतलब कि किसी हाउंसिंग फाइनैंस कंपनी से लिए गए होम लोन पर भी ईएमआई से तीन महीने तक छुट्टी मिल जाएगी। रिजर्व बैंक की घोषणा के बाद कुछ लोग यह मानने लगे हैं कि उन्हें तीन महीने तक लोन की ईएमआई नहीं चुकानी होगी। इसे चुकाने से मुक्ति मिल जाएगी। लेकिन ऐसी बात नहीं है। रिजर्व बैंक ने सिर्फ तीन महीने तक ईएमआई का भुगतान टाला है। इसका लाभ लेने वाले ग्राहकों की तीन किस्त तो बढ़ ही जाएगी, इन तीन महीनों की अवधि का अतिरिक्त ब्याज भी देना होगा।

### रीपो रेट में कटौती

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने नीतिगत ब्याज दरों में बड़ी कटौती की है। रीपो रेट में 75 बीपीएस की कटौती का ऐलान किया है, नया रेट 4.4 प्रतिशत। कटौती के इस ऐलान से लौन की मासिक किस्तें घटेंगी, जो आम लोगों के लिए राहत की बात है।

**रिवर्स रीपो रेट घटा**
सके साथ ही रिवर्स रीपो रेट 90 बीपीएस घटाकर 4 पर्सेंट घटा दिया गया है ताकि बैंकों के लिए इसे अनाकर्षित करने के लिए किया गया है। गवर्नर ने कहा कि कच्चे तेल के घटे भाव के कारण इकॉनमी पर दबाव घटा है।

**कैश रिजर्व रेशियो में भी हुई कटौती**
सीआरआर में 100 बेसिस पॉइंट यानी 1 पर्सेंट की कटौती। अब यह घट कर 3 पर्सेंट रह गया है। पूरे एक साल के लिए 4 फीसदी की बजाय 3 फीसदी होगा।

# कोरोना की मार 724, 17 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

राष्ट्रपति कोविंद की कई राज्यपालों से बातचीत

देहरादून। देश में कोरोना का कहर बढ़ता जा रहा है। भारत में कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या फिलहाल 700 से ऊपर पहुंच चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश में फिलहाल देश में अब तक कोरोना के कुल 724 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से 640 मरीजों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं 66 मरीज अस्पताल से ठीक होकर घर जा चुके हैं। वहीं 17 लोगों की अब तक कोरोना की चपेट में आने से मौत हो चुकी है।

दुनिया में अब अमेरिका कोरोना वायरस से सबसे अधिक संक्रमित देश बन गया है। अमेरिका ने चीन को इस मामले में पछाड़ दिया है।अमेरिका में 85 हजार से अधिक लोगों में कोरोना संक्रमण पाया गया है। वहीं इटली में भी 80 हजार से अधिक लोग इसकी चपेट में आए हैं। वहां 8 हजार से अधिक लोगों की मौत हुई है।

राष्ट्रपति कोविंद ने उपराष्ट्रपति के साथ कोरोना वायरस से संबंधित मुद्दों पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्यपालों, उपराज्यपालों और प्रशासकों के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने चुनौती से निपटने में सभी स्वास्थ्य पेशेवरों और सभी के प्रयासों की सराहना की।

## फिर देवदूत की भूमिका में भारतीय सेना

# कोरोना वाइरस के खिलाफ छिड़ा 'ऑपरेशन नमस्ते'

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश पर जब-जब भी संकट आया है, सेना ने सबसे आगे आकर मोर्चा संभाला है और हर संकट से मुक्ति दिलाने में अपनी प्रभावी भूमिका निभाई है। आज जब देश के सामने कोरोना वायरस के महा-संकट से पार पाने की गंभीर चुनौती है तो आर्मी फिर से मोर्चे पर तैनात हो गई है। भारतीय सेना ने कोरोना के खिलाफ ऑपरेशन नमस्ते छेड़ दिया है।

उन्होंने कहा, कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में सरकार और सामान्य प्रशासन की मदद करना हमारा दायित्व है। बतौर आर्मी चीफ सैन्य बलों को चुस्त-दुरुस्त रखना मेरी जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा, देश की रक्षा के लिए हमें खुद को सेफ और फिट रखना काफी महत्वपूर्ण है। इसे ध्यान में रखते हुए हमने पिछले कुछ हफ्तों में 2-3 अडवाइजरी जारी की है। आर्मी चीफ ने कहा कि सेना ने पहले भी सभी अभियानों में सफलता पाई थी और ऑपरेशन नमस्ते को भी सफलतापूर्वक अंजाम देगी।

सेना की ओर से देशभर में अब तक आठ क्वारेंटाइन सेंटर्स स्थापित किए जा चुके हैं। सेना की ओर से हेल्प लाइन नंबर भी जारी किया गया है। इसके लिए सेना के साउर्थन कमांड, ईस्टर्न कमांड, वेस्टर्न कमांड, सेंट्रल कमांड, नॉदर्न कमांड, साउथ वेस्टर्न कमांड और दिल्ली हेडक्वॉर्टर में कोरोना हेल्प लाइन सेंटर्स बनाए गए हैं। इसके जरिए कोरोना वायरस की चपेट में आए लोगों की मदद की जाएगी।

### ऑपरेशन पराक्रम की तरह तैयार है सेना

आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने ऑपरेशन नमस्ते के बारे में बताते हुए कहा, श्छुट्टी पर पाबंदी लगाई गई है। 2001 में ऑपरेशन पराक्रम के दौरान 8-10 महीने में कोई छुट्टी पर नहीं गया था। पराक्रम में भी हम विजयी निकले हैं, ऑपरेशन नमस्ते में भी कामयाब रहेंगे। आर्मी चीफ के मुताबिक भारतीय सेना की आंतरिक खूबी है कि हम अपने सांगठनिक ढांचे और ट्रेनिंग की बदौलत तरह-तरह की आपातकालीन परिस्थितियों से उबल जाते हैं। हम कोविड-19 से निपटने में भी अपनी इसी क्षमता का इस्तेमाल करेंगे।

### क्विक रिएक्शन मेडिकल टीमें गठित

निगरानी और आइसोलेशन की क्षमता बढ़ाई जा रही है। सभी आर्मी हॉस्पिटलों को छह घंटों की सूचना पर सिर्फ कोविड-19 मरीजों के लिए 45 बेड का आइसोलेशन वार्ड और 10 बेड का आइसीयू वॉर्ड तैयार करने का निर्देश दिया गया है। जिन इलाकों में कोरोना का असर ज्यादा है, वहां के 30 प्रतिशत फिल्ड हॉस्पिटलों को स्टैंडबाय मोड में रखा गया है। क्विक रिएक्शन मेडिकल टीमें गठित होंगी जो सूचना मिलने के छह घंटे के अंदर मरीज को अस्पतालों में पहुंचाने को तैयारी कर लेगी।

# चल सकेगा पहले वाला जादू?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लॉकडाउन में दूरदर्शन पर लौटा रामायण

नई दिल्ली। काफी समय से लोग मांग कर रहे हैं कि दूरदर्शन पर प्रसारित हुए क्लासिक सीरियलों का दोबारा प्रसारण किया जाए। अब सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावडेकर ने बताया है कि 28 मार्च 2020 से रामानंद सागर के सीरियल रामायण का दूरदर्शन पर दोबारा प्रसारण किया जाएगा। हालांकि इस बात पर संशय है कि यह पहले की तरह दर्शकों के दिलो-दिमाग पर जादू चला सकेगा।

पिछले काफी समय से दर्शक यह मांग कर रहे हैं कि दूरदर्शन पर प्रसारित हुए ऐतिहासिक पौराणिक सीरियल रामायण और महाभारत का दोबारा प्रसारण किया जाए।

दर्शकों की इस मांग का अब सूचना-प्रसारण मंत्रालय ने संज्ञान लिया है और घोषणा की है कि शनिवार (28 मार्च 2020) से रामानंद सागर के मशहूर सीरियल रामायण का दूरदर्शन पर दोबारा प्रसारण किया जाएगा।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in